मुलाली को जल्द ही यह अहसास हो गया था कि फोर्ड की जहरीली एवं मर्दाना संस्कृति बाहरी लोगों के प्रति कठोर थी और उसमें अपने ग्राहकों को भी भुला दिया गया था। उसकी गाड़ियां पुराने दौर की हो चुकी थीं और नए दौर में उनके खरीदार कम ही रह गए थे। इन सबके ऊपर, कंपनी के पास पैसे की भी किल्लत थी। ऐसे समय में मुलाली ने अपनी योजना के केंद्र में लोगों को रखा। इस सोच ने 'वन फोर्ड' का नजरिया सामने रखा जिसने आपूर्तिकर्ताओं, उपभोक्ताओं और श्रमिक संगठनों को भी साझेदार के तौर पर जोड़ने की बात की। उन्होंने पहले से चली आ रही समस्याओं के खात्मे के लिए 'वन टीम' बनाई और अपने दृष्टिकोण से तालमेल रखने वाला एक सरलीकृत नेतृत्व ढांचा भी खड़ा किया। इस पूरी कवायद का मकसद यह था कि कंपनी के तमाम कर्मचारी एक वैश्विक टीम के तौर पर मिलकर काम करें। मुलाली ने अपने एक साक्षात्कार में संकटकाल की अपनी रणनीति को कुछ इस तरह पेश किया था, 'हम सभी यह जानना चाहते हैं कि हम कोई बड़ा काम कर रहे हैं, हम तमाम लोगों को प्रभावित कर रहे हैं और हम जो कुछ भी कर रहे हैं वह हम लोगों से कहीं बड़ा है।' एक साथ खड़े होने का यह भाव जगा पाने वाला कोई भी नेता विजेता साबित होगा।

कानाफूसी

पवार का गुस्सा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार के बारे में कहा जाता है कि वह कभी अपना आपा नहीं खोते हैं लेकिन जब खोते हैं तो शायद बहुत बुरी तरह लेकिन बिना अपनी आवाज ऊंची किए। हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में एक संवाददाता ने उनसे पूछा कि न केवल राकांपा के नेता बल्कि उनके रिश्तेदार भी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं, इस पर उनका क्या कहना है? इस पर नाराज पवार ने पूछा कि उनके रिश्तेदारों के बारे में उनसे सवाल क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह राजनीति के बारे में चर्चा कर सकते हैं लेकिन उनके पारिवारिक रिश्ते इसमें कैसे आते हैं? जब संवाददाता ने अपना सवाल दोहराया तो पवार जाने के लिए उठ खड़े हुए। उन्होंने रुकने की गुजारिश कर रहे आयोजकों से कहा कि अगली बार ऐसे संवाददाताओं को बुलाएं जो थोड़ा ज्यादा विवेकवान हों। वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि वह ऐसा वक्त भी देख चुके हैं जब विधानसभा में उनके 60 विधायकों में से 52 पार्टी छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि वे गए लेकिन वापस भी आए, यह राजनीति है। संवाददाता फिर भी नहीं माना तो पवार दोबारा उठे। उन्होंने हाथ जोड़कर पत्रकार से कहा कि वह चला जाए क्योंकि वह बहस का स्तर गिरा रहा है। इसके बाद उन्होंने नेताओं के पार्टी छोड़ने के विषय पर आगे और बात रखी।



आपका पक्ष

प्रदूषण जांच केंद्र पर भारी भीड़

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर भारी जुर्माने के प्रावधान ने लोगों को नियम कायदे मानने को मजबूर किया है। प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं होने पर पहले के मुकाबले अधिक जुर्माना लगाए जाने पर लोगों की भीड़ प्रदूषण जांच केंद्र पर उमड़ पड़ी है। प्रदूषण जांच केंद्र पर वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है। इसे देखकर सरकार ने प्रदूषण जांच केंद्र रात 10 बजे तक खुले रखने का निर्देश दिया है जिससे लोग प्रमाणपत्र बना सकें। बहरहाल जांच केंद्र में उमड़ी भीड़ इस बात की सबूत पेश करती है कि लोग बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र के वाहन चला रहे थे। हालांकि बगैर प्रमाणपत्र चलने वाले वाहन कितना प्रदूषण छोड़ते हैं यह कहना तो मुश्किल है लेकिन प्रदूषण बढ़ने का यह भी एक कारण है। देश की राजधानी दिल्ली में अन्य शहरों के मुकाबले प्रदूषण अधिक है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) प्रदूषण के खिलाफ सख्ती बरतता है और खासकर दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर कई आदेश भी जारी करता है। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने में ऐसे वाहनों की भी भूमिका अधिक रहती है जो बगैर प्रदूषण प्रमाणपत्र के सड़कों पर दौड़ते हैं। आज भी ऐसे कई वाहन सड़कों पर दिख जाते हैं जिनसे काफी मात्रा में काला धुआं निकलता है। ऐसे वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा जब्त किया जाना चाहिए। हालांकि सरकार द्वारा यातायात नियम तोड़ने पर लगाए गए भारी जुर्माने से अब लोग नियम तोड़ने से बच रहे हैं। यह एक सराहनीय कदम है और लोगों को स्वयं भी नियम नहीं तोड़ना चाहिए।

आकृति सिंह, नई दिल्ली

सरकार द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि बढ़ाई गई है

उद्यम और सरकार के बीच सामंजस्य

अर्थव्यवस्था और बाजार उपायों से कहीं ज्यादा विश्वास और भावनाओं पर चलती है। वित्तीय और गैर वित्तीय संस्थाएं पर्याप्त नकदी तरलता के संकट से जूझ रही हैं। वहीं निवेशक रोजगार और वित्तीय सुरक्षा के लिए चिंतित हैं। कर में राहत प्रदान करने की कोशिश अधूरी है क्योंकि घरेलू और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगाया गया अधिभार केवल पूंजीगत मुनाफे से हटाया गया है, न कि वायदा बाजार के कारोबार से हटाया गया है। कई क्षेत्र जैसे ऑटो और उसके कलपुर्जों से संबंधित उद्योग, कपड़ा मिल, गैर वित्तीय संस्थाएं, बिस्कुट निर्माण उद्योग मंदी के मुहाने पर खड़े हैं। कहने को केवल कुछ ही क्षेत्र हैं लेकिन अर्थव्यवस्था के निर्माण में इन सबका भी अहम योगदान है और आपस में एक दूसरे पर आश्रित हैं। बैंकिंग क्षेत्र को 70,000 करोड़ रुपये मिलने से 5 लाख करोड़ रुपये तक की तरलता बनेगी लेकिन अर्थव्यवस्था में मांग में कमी है। यह सराहनीय है कि बैंकिंग क्षेत्र को बिना किसी डर के ऋण आवंटन निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। साथ ही बैंक की आंतरिक समिति को निर्णय लेने का अधिकार भी दिया गया है कि कौन से मामले की जांच होगी। जीएसटी लागू होने के बाद से ही कारोबारियों की कार्यशील पूंजी की हमेशा तकलीफ रही है क्योंकि कर प्रतिदाय अभी भी लंबित है। ऐसे में मुनाफे के अंतर पर भी प्रतिकूल प्रभाव रहा है। व्यवसाय, उद्यमी, निवेशकों और उपभोक्ताओं और हर संस्थाओं और सरकार के बीच सामंजस्य अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और विश्वास से भर सकता है।

गौतम कुमार, नई दिल्ली

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

दैनिक जागरण

सफलता एक पड़ाव नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

सरकार के सौ दिन

अपनी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर रोहतक में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान लिए गए बड़े फैसलों का उल्लेख करते हुए जो दावे किए उनसे एक बड़ी हद तक सहमत हुआ जा सकता है। इसमें संदेह नहीं कि बीते सौ दिनों में सरकार ने कुछ ऐसे बड़े फैसले लिए जिनकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी। इन फैसलों में प्रमुख हैं तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाने का कानून निर्मित करना, आतंकवाद निरोधक कानून को प्रभावी बनाना और जम्मू-कश्मीर को भेदभाव भरे अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिलाना। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का मोदी सरकार का फैसला इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि कुछ समय पहले तक यह सोचना भी मुश्किल था कि कोई सरकार ऐसा साहसिक कदम उठा सकती है। मोदी सरकार ने न केवल सौ दिनों के अंदर अनुच्छेद 370 और साथ ही 35-ए हटाने का फैसला किया, बल्कि जम्मू-कश्मीर का नए सिरे से गठन करते हुए लद्दाख को अलग केंद्रशासित प्रदेश भी बनाया। निःसंदेह इसे भी एक उपलब्धि कहा जाएगा कि सरकार इस फैसले से उपजे हालात को सही तरह से संभालने में सक्षम हुई। इसी क्रम में यह भी उल्लेखनीय रहा कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह समझाने में सफल रही कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और भारत-पाकिस्तान के बीच किसी अन्य देश को कष्ट उठाने की आवश्यकता नहीं।

मोदी सरकार की ओर से बीते सौ दिन में लिए गए बड़े फैसलों में बैंकों के विलय को भी एक खास फैसले के तौर पर गिनाया जा रहा है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि यह फैसला जिस दिन लिया गया उसी दिन आर्थिक विकास दर में गिरावट पर मुहर लगी। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की पांच प्रतिशत दर ने मंदी गहराने की ओर भी संकेत किया। आज जब सरकार सौ दिन की अपनी उपलब्धियों का उल्लेख कर रही है तब उसे इसका अहसास होना ही चाहिए कि मंदी के माहौल को दूर करना एक बड़ी चुनौती है। कायदे से शासन की दूसरी पारी की शुरुआत करते ही इस चुनौती का सामना करने के लिए कमर कसी जानी चाहिए थी। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पहले दिन से ही अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए हर संभव प्रयास नहीं किए गए और इसी कारण सरकार को आम बजट के कुछ प्रावधानों को वापस लेना पड़ा। यह सही है कि मोदी सरकार ने पिछले कुछ दिनों में आर्थिक माहौल को सुधारने के लिए कई कदम उठाने के साथ ये संकेत दिए हैं कि वह आगे भी ऐसा करती रहेगी, लेकिन उसे यह समझना होगा कि हालात बदलने से ही बात बनेगी।

डेंगू का कहर

बंगाल में, खासकर कोलकाता, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना और हावड़ा जिलों में हर वर्ष बारिश के मौसम में डेंगू कहर बनकर लोगों पर टूटता रहा है। पिछले दो दिनों में डेंगू से कई जानें जा चुकी हैं। राज्य की मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ममता बनर्जी ने भी स्वीकार किया है कि सूबे में इस साल अब तक डेंगू से 17 लोगों की मौत हो चुकी है और वेक्टर (मच्छर) जनित इस बीमारी से करीब 10,500 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने विपक्षी दलों से डेंगू के बारे में जागरूकता फैलाने को आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि डेंगू की समस्या से निपटने में हम सभी को सकारात्मक भूमिका निभाने की आवश्यकता है। इस मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डेंगू के वायरस ज्यादातर बांग्लादेश से राज्य में आने वाले लोगों से फैल रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस मुद्दे पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बात करेंगी तो जवाब में ममता ने कहा कि केवल विदेश मंत्रालय ही ऐसा करने के लिए अधिकृत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने के लिए करीब तीन करोड़ मछलियों को जलाशयों में छोड़ा है। वेक्टर जनित बीमारी पर काबू पाने के लिए बायो-स्प्रे का भी इस्तेमाल किया गया है। यहां बड़ा सवाल यह है कि हर वर्ष डेंगू को लेकर हाहाकार मचता है। इसपर खूब राजनीतिक रोटियां भी सेंकी जाती हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं होता है। शुक्र है कि इस वर्ष कोलकाता एवं आसपास के जिलों में बारिश विलंब से शुरू हुई है, नहीं तो स्थिति और भयावह हो जाती। जून से लेकर अगस्त के दूसरे सप्ताह तक कोलकाता एवं आसपास के जिलों में उतनी बारिश नहीं हुई, जितनी यहां होती है। इसके चलते बहुत हद तक डेंगू से लोग बच गए थे लेकिन जैसे ही बारिश शुरू हुई, उसके बाद पिछले दो दिनों में दो लोगों के मारे जाने की खबर सामने आ गई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि बंगाल से लगे सीमावर्ती जिलों में डेंगू का सबसे अधिक प्रभाव है क्योंकि बांग्लादेश में डेंगू फैला है, जिससे बंगाल भी प्रभावित हो रहा है। मालदा, मुर्शिदाबाद से लेकर अन्य जिलों में तुलनात्मक रूप से डेंगू के उतने मामले क्यों नहीं सामने आए, जितने उत्तर 24 परगना जिले में आ रहे हैं? यह एक अहम सवाल है और इसपर ध्यान देने की जरूरत है।

लोकतंत्र को चाहिए सशक्त संस्थाएं

मनीष तिवारी

जब भी न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में होती है तो उसके बाद उपद्रव, अशांति और अराजकता की स्थिति बनती जाती है। ये लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होते

कोई लोकतंत्र कितना सशक्त अथवा कितना दुर्बल होता है, यह उसके संस्थानों की स्थिति पर निर्भर करता है। जब लोकतंत्र का पराभव शुरू होता है तब न्यायिक तंत्र उसकी सबसे पहली भेंट चढ़ता है। इतिहास पर नजर डालें तो ये बातें सही मालूम पड़ेंगी। जब भी न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में होती है तो उसके बाद उपद्रव, अशांति और अराजकता की स्थिति बनती जाती है। न्यायिक तंत्र की नाकामी के ये सभी स्वाभाविक परिणाम होते हैं।

किताबों, वृत्तचित्रों, फिल्मों और तमाम विद्वत शोध अनुसंधानों के रूप में 1933 से 1945 के बीच जर्मनी में नाजी शासन के तमाम पहलू उजागर हुए हैं। हालांकि उस दौर में इस पहलू को अमूमन अनदेखा कर दिया गया कि तब न्यायिक तंत्र चरणबद्ध ढंग से चरमरा गया। वर्ष 1933 में सत्ता में नाजियों के दबदबे के शुरुआती दौर से पहले एडोल्फ हिटलर न्यायपालिका के खिलाफ बहुत जहर नहीं उगलता था। ऐसा इसलिए, क्योंकि जर्मन न्यायिक तंत्र का स्वरूप संघीय होने के साथ-साथ उसकी जड़ें स्वायत्त न्यायपालिका के पारंपरिक पाश्चात्य कानूनी ढांचे में जुड़ी थीं। इस तथ्य को नहीं झुठलाया जा सकता कि न्यायिक तंत्र का यह मजबूत ढांचा नाजियों को खटकता था। हिटलर के चांसलर बनने के तीन हफ्तों के भीतर ही स्थिति स्पष्ट होने लगी जिस मामले को राइसटाग फायर केस के नाम से जाना जाता है। हिटलर को उम्मीद थी कि न्यायाधीश इस मामले में कम्युनिस्टों की बड़ी साजिश देखेंगे, लेकिन न्यायाधीश ने केवल एक कम्युनिस्ट को ही दोषी ठहराया। कुपित हिटलर ने अपने प्राधिकार का फायदा उठाते हुए इस मामले के बाद अपना खुद का न्यायिक तंत्र बना लिया। यह जर्मनी के अदालती तंत्र के अनुक्रम ढांचे और यहां तक कि जर्मन कानूनी ढांचे के दायरे से बाहर था। इस तरह नाजियों ने ज्योंडरगेरिश्टे के रूप में विशेष अदालतें बनाईं।

इन अदालतों के अधिकार भी असीमित थे। ऐसा कोई भी अपराध जो नाजियों को राजनीतिक रूप से खटके, उसका फैसला वहीं होता। इसका भयानक स्वरूप 1934 में फॉक्सगेरिश्टोफ यानी जन अदालतों के रूप में सामने आया। ये अदालतें देशद्रोह के कथित मामलों की सुनवाई करती थीं। इसके साथ जर्मन न्यायिक तंत्र ने दम तोड़ दिया। हालात की भयावहता का अंदाजा 26 अप्रैल, 1942 को राइसटाग में हिटलर द्वारा न्यायपालिका को संबोधन में जाहिर होता है। तब हिटलर ने कहा था, 'मैं जर्मन विधि पेशेवरों से अपेक्षा करता हूं कि वे यह बात समझते हैं कि देश उनसे नहीं है, बल्कि देश है तो वे हैं। अब से मैं इन मामलों में दखल दूंगा और उन न्यायाधीशों को हटाऊंगा जो वक्त की जरूरत को नहीं समझेंगे।'

तब नाजी जर्मनी में न्यायाधीशों को निर्देश दिया गया कि यदि नाजी पार्टी और कानून के बीच कोई टकराव हो तो उसमें नाजी पार्टी के रुख को ही तरजीह दी जाए। दिलचस्प बात यह है कि नाजी जर्मनी में न्यायाधीश तबका सबसे कम प्रताड़ित समूहों में रहा। शायद ही किसी को यातना शिविरों में भेजा गया होगा। उनकी सहमति भी स्वैच्छिक और व्यवस्था के समक्ष दंडवत होने जैसी थी। कानूनी मुहर के इस्तेमाल से नाजी अत्याचारों को वैधता प्रदान करना अपवाद नहीं, बल्कि चलन बन गया था।

इससे पहले 1920 के दशक में इटली में बेनितो मुसोलिनी ने इस धारणा को स्थापित किया कि, 'फासीवाद से गठित राज्य स्वयं में एक आध्यात्मिक एवं नैतिक तथ्य है। चूंकि राष्ट्र के राजनीतिक, विधिक एवं आर्थिक संगठन साकार रूप हैं और ऐसे संगठन अपनी उत्पत्ति एवं विकास में निश्चित रूप से एक वैचारिक पहलू के प्रतिनिधि होने चाहिए।' मुसोलिनी ने अधिनायकवादी राज्य की अवधारणा पेश कर उसे मूर्त रूप दिया। मुसोलिनी के अनैतिक वर्चस्व वाले दौर में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका जैसी तीन शक्तियां एक ही संस्था में समाहित हो गईं। मुसोलिनी ने एक अनैतिक राज्य बनाया जहां फासीवाद के समक्ष कानून के राज ने दम तोड़ दिया था। प्राकृतिक अधिकारों और अदालतों की स्वायत्तता की धारणा उनकी योजनाओं में शामिल ही नहीं थी। निरंकुश शासकों ने फासीवादी न्याय को ही लागू कर दिया जिस पर रीढ़विहीन न्यायिक वर्ग मुहर लगा देता था।

अवधेश राजपूत

हालांकि कानून को खिलौना बनाकर खेलने वालों में जोसेफ स्टालिन का नाम सबसे ऊपर आएगा। स्टालिन ने न्यायिक तंत्र को ताक पर रखते हुए एक ही झटके में अपने विरोधियों को निपटा दिया। वर्ष 1936 से 1938 के बीच मॉस्को ट्रायल इतिहास में न्यायिक ढकोसले की सबसे बड़ी मिसाल है। बोल्शेविक दल के पुराने लोगों को पूरी तरह खत्म कर देना ही इस कवायद का इकलौता मकसद था ताकि स्टालिन खुद को राज्य के पर्याय के रूप में स्थापित कर सके। 15 अगस्त, 1936 को सोवियत समाचार एजेंसी ने सूचना दी कि रूसी सरकारी अभियोजक ने ग्रेगरी जिनोवेव, लियोन कामेनेव, आइएम स्मिरनोव और 13 अन्य को नाजी शासन के साथ मिलकर सोवियत के शीर्ष सात नेताओं की हत्या करने का षड्यंत्र रचा। इससे तकरीबन डेढ़ साल पहले एसएम किरोव की हत्या का भी उन्हें दोषी ठहराया गया। इसके नौ दिन बाद 24 अगस्त को ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष ने सभी आरोपियों को मौत की सजा के साथ ही उनकी संपत्ति जब्त करने का फैसला सुनाया। इसके चौबीस घंटे से भी कम अवधि में सजायाफ्ता लोगों की दया याचिका खारिज करने के साथ ही उन्हें सजा भी दे दी गई। एक कथित आतंकी साजिश के खुलासे के महज एक पखवाड़े के भीतर ही न्यायिक ढकोसले के बाद 16 लोगों को निर्ममतापूर्वक मार डाला गया। उनमें रूसी क्रांति और अक्टूबर क्रांति में शामिल दिग्गजों के नाम भी थे। फैसले में यह निर्देश भी था कि लियोन ट्रोट्स्की और उनके बेटे एलएल सेदोव की भी उन्हीं आरोपों के मामले में पेशी की जाए। दोनों 'पिता और पुत्र' स्टालिन की आंखों के कांटे थे।

इसके सड़सठ साल बाद सितंबर 2013 में चिली की नेशनल एसोसिएशन ऑफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट ने बयान जारी कर पिनोशे की तानाशाही के पीड़ितों से माफी मांगते हुए कहा कि उन्हें 'अपने दायित्वों का गलत तरीके से निर्वहन करने के लिए' क्षमा करें। उसमें यह स्वीकारोक्ति भी थी कि हमारी अदालतों ने हजारों शिकायतों को खारिज कर दिया। सरकारी एजेंटों के आपराधिक कृत्यों की जांच से लगातार इन्कार और यातना केंद्रों की गतिविधियों की पड़ताल से हिचक ने निःसंदेह इस दौर में मानव अधिकारों का पीड़ादायक असंतुलन पैदा किया। इस पाप से मुक्ति की मनुहार करते हुए मजिस्ट्रेटों ने पिनोशे के 17 वर्षों के शासन के दौरान सुप्रीम कोर्ट से उसकी भूमिका को लेकर भी जवाब तलब किया।

जॉन फिल्पॉट कुर्रन ने कहा भी है कि ईश्वर ने शाश्वत जागरूकता की शर्त पर ही मनुष्य को स्वतंत्रता प्रदान की है।

(लेखक कांग्रेस के लोकसभा सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

response@jagran.com

सबक सिखाने वाला अभियान

अभिषेक कुमार सिंह

अंतरिक्ष मिशनों में आने वाले जोखिम को देखते हुए चंद्रयान-2 मिशन की 95 प्रतिशत कामयाबी उत्साह बढ़ाने वाली है

हमारा सबसे करीबी खगोलीय पड़ोसी चांद ही है। ब्रह्मांडीय खोज की हमारी यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है। इस नजरिये से देखें तो शुक्रवार यानी 6 सितंबर, 2019 की रात रोबोटिक लैंडर से संपर्क टूट जाने पर इतिहास रचने से महज दो कदम दूर रह गए चंद्रयान-2 की आंशिक नाकामी इसरो और हमारे देश के लिए एक तात्कालिक झटका है। अगर चंद्रयान के ऑर्बिटर से अलग हुए लैंडर विक्रम की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग हो जाती तो भारत यह उपलब्धि पाने वाला पहला देश बन जाता, क्योंकि दक्षिणी ध्रुव पर अब तक किसी देश का कोई यान, लैंडर या रोवर नहीं पहुंचा है। बेशक बीते 11 वर्षों की मेहनत और करीब 950 करोड़ रुपयों की लागत से बने चंद्रयान-2 की 5 फीसद नाकामी से मायूसी का आलम है, पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसरो और इस संगठन के मुखिया के. सिवन को मिली सांत्वना इसका साफ संकेत है कि हमारे अंतरिक्ष अभियानों में कोई अड़चन नहीं आने वाली है। बात चाहे गगनयान से तीन भारतीयों को स्पेस में भेजने की हो, नया मंगल मिशन रवाना करने की हो या सूर्य के करीबी अध्ययन के लिए यान के प्रक्षेपण की हो, इन सारे मिशनों को सरकार का सहयोग आगे भी मिलता रहेगा।

सफलता-असफलता के तराजू पर चंद्रयान-2 को तौलना चाहें तो कह सकते हैं कि यह मिशन अपने अंजाम तक पहुंचने में नाकाम रहा। विक्रम लैंडर की चंद्र सतह पर सफल लैंडिंग के बाद उससे निकलने वाले रोवर प्रज्ञान से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के बारे में वे जानकारियां हमें मिल सकती थीं, जो चांद को भावी दूरस्थ स्पेस मिशनों के पड़ाव के रूप में इस्तेमाल और वहां पानी समेत अन्य उपयोगी खनिजों की मौजूदगी का कोई संकेत हमें देतीं। हालांकि चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर एक साल तक कुछ वैसी ही सूचनाएं और तस्वीरें हमें भेज सकता है, जैसे कभी चंद्रयान-1 ने भेजी थी और जिनसे चंद्रमा पर पानी की उपस्थिति के पुख्ता संकेत मिले थे। हमें यह मानने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि चंद्रमा पर उतरकर वहां प्रयोग करना ज्यादा महत्वपूर्ण है, पर अभी भी यह अभियान जिस अहम पड़ाव तक पहुंचा है, उसके भी कुछ कम मायने नहीं हैं।

ध्यान रहे कि 22 जुलाई, 2019 को चंद्रयान के प्रक्षेपण से पहले इसकी राह में कई मुश्किलें भी आईं। एक अहम बाधा इसी वर्ष 15 जुलाई को तब आई जब श्रीहरिकोटा से उड़ान भरने से ऐन पहले चंद्रयान-2 को लेकर जा रहे 'बाहुबली' रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 का प्रक्षेपण रोक दिया गया। दावा किया गया कि इस रॉकेट के स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन में प्रेशर लीक हो रहा था। लांच के लिए जितना दबाव होना चाहिए था, वह बन नहीं पा रहा था, बल्कि लगातार घट रहा था। ऐसे में मिशन टालने के सिवाय कोई चारा नहीं बचा था। थोड़ा पीछे लौटें तो इसरो के खाते में दर्ज कुछ और नाकामियां नजर आती हैं। जैसे 29 मार्च, 2018 को स्पेस में छोड़े गए उपग्रह जीसैट-6ए का पावर सिस्टम फेल हो गया था, जिससे खुद को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के अंतिम चरण में पहुंचे उस उपग्रह का इसरो से संपर्क टूट गया था। उससे पहले वर्ष 2017 में पीएसएलवी यानी पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल का प्रक्षेपण असफल हो गया था। बेशक नाकामियों का इधर एक सिलसिला बना है। एक के बाद एक लगातार सफल प्रक्षेपणों के बल पर इसरो जिस हौसले से काम करता रहा है, ये असफलताएं उसके मनोबल पर असर डालने वाली साबित हो सकती हैं और क्वालिटी कंट्रोल के उसके दावे को संदिग्ध बना सकती हैं। चंद्रयान-2 के लैंडर की नाकामी के बाद इसरो अध्यक्ष के. सिवन की हताशा इसे जाहिर करती है, लेकिन कहना होगा कि दुनिया का कोई देश इससे बचा नहीं है।

तथ्य बताते हैं कि बीते 60 वर्षों में जबसे चंद्रमा को छूने की होड़ पैदा हुई है, अमेरिका, रूस, चीन, जापान, इजरायल, यूरोपीय यूनियन के सौ से ज्यादा अभियानों में से 40 फीसद नाकाम रहे हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के आंकड़े के मुताबिक छह दशकों में 109 चंद्र अभियान भेजे गए, जिनमें से 61 नाकाम और 48 कामयाब रहे। यही नहीं, दुनिया भर के 50 फीसद से भी कम मिशन हैं जो सॉफ्ट लैंडिंग में कामयाब रहे हैं। फरवरी 2018 में शुरू किया गया इजरायल का चंद्र मिशन भी इस साल अप्रैल में नष्ट हो गया था। अमेरिका को भी इसमें कई असफलताएं झेलनी पड़ी हैं। वर्ष 1958 में उसके पहले चंद्र मिशन की योजना नाकाम हो गई थी, क्योंकि रॉकेट पायनियर का लांच असफल रहा था। इसी तरह रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) को लूना-1 के रूप में चंद्र मिशन की सफलता उससे पिछले छह मिशनों की नाकामी के बाद मिली थी।

ऐसी स्थिति में देखें तो चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर का सही-सलामत होना और काम करते रहना भी काफी महत्वपूर्ण है। चंद्रमा पर पानी की खोज का जो काम इस मिशन से किया जाना था, वह मुख्य रूप से ऑर्बिटर के ही जिम्मे है। लिहाजा इससे मिलने वाले डाटा से इसरो को कई अहम और जरूरी सूचनाएं अवश्य मिलेंगी। चांद की सतह पर जाकर वहां की मिट्टी और चट्टानों का विश्लेषण अब भले न हो सके, लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से चांद की सतह की सेल्फियां अब भले न आ सकें, लेकिन मून मैपिंग का काम चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर बखूबी करता रह सकता है। ऑर्बिटर में चंद्रमा की बाहरी परिधि का अध्ययन करने के लिए आठ उपकरण मौजूद हैं। ये उपकरण कई अहम सूचनाएं इसरो को उपलब्ध कराएंगे। यही नहीं, अगर लैंडर-रोवर के सही-सलामत होने की कोई स्थिति बनी और उनसे भविष्य में संपर्क बन सका तो ऑर्बिटर के जरिये चंद्र-सतह के डाटा और तस्वीरें मिलने की भी सूरत बन सकती है। बहरहाल यह स्पष्ट है कि चंद्रयान की आंशिक नाकामी का जो कुछ असर होगा, वह बहुत क्षीण होगा और इससे इसरो की प्रतिष्ठा पर कोई आंच नहीं आएगी। पूरी दुनिया समझती है कि अंतरिक्ष में यान-उपग्रह छोड़ना और उन्हें किसी कक्षा में स्थापित करना या खगोलीय पिंडों पर उतारना अत्यधिक जोखिम वाला काम है। ऐसे में चंद्रयान-2 की 95 प्रतिशत कामयाबी हमारे लिए बड़ी राहत और उत्साह बढ़ाने वाली बात है। हमें इसका जश्न मनाना चाहिए।

(लेखक संस्था एफआइएस ग्लोबल से संबद्ध हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

सच्ची भक्ति

नारद भक्ति-सूत्र में परमात्मा के प्रति परम प्रेम को भक्ति कहा गया है। भक्ति मुक्ति का द्वार है। भक्ति आत्मा का आहार है, हृदय की पुकार है। लोक से परलोक तक पहुंचने का मार्ग है। भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। सच्ची भक्ति हो तो भक्त और भगवान एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं। भक्ति पूर्ण रूप से आस्था और श्रद्धा के साथ अर्पित भाव है। लौकिक पदार्थों के याचक के लिए यहां कोई जगह नहीं होती। भक्ति त्याग और समर्पण चाहती है। भक्ति ईश्वर के प्रति तीव्र प्रेम है। प्रेम का यह बीज जन-जन के अंतस में जन्म-जन्मांतरों से पड़ा है। ईश्वर प्रेम है और ईश्वर से प्रेम करना भक्ति होती है। भक्ति की कोई दशा नहीं होती है। हमें ईश्वर से कोई शर्त या मांग नहीं करनी चाहिए। जिस प्रकार अग्नि के पास जाकर शीत की निवृत्ति तथा उष्णता का अनुभव होता है, उसी प्रकार प्रभु के पास पहुंचकर सच्चे भक्त को दुख की निवृत्ति तथा आनंद की उपलब्धि होती है। परमेश्वर के समीप होने से सब दोष-दुख छूटकर परमेश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव के सदृश जीवात्मा के गुण, कर्म और स्वभाव पवित्र हो जाते हैं।

एक भक्त ईश्वर से प्रेम रखता है। उस प्रेम में कोई शर्त नहीं होती है। उसके प्रेम में उत्कंठा होती है। भक्ति मीराबाई, दयाबाई, सहजोबाई और कर्माबाई की तरह हो। भक्ति प्रह्लाद, पुंडरीक और धन्ना जाट की तरह हो। जैसे श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम अनन्य था। भक्ति स्वरूप प्रेम में एक तड़प थी, एक प्यास थी। हर समय ईश्वर के प्रति उनका स्मरण जारी रहता था। सोने में, जाग्रत अवस्था में, कार्य में, घर में, भोजन के दौरान, टहलने के दौरान भक्त ईश्वर के प्रति ही सोचता है। यह एक जुनून है और यह जुनून ईश्वर को भक्त से बांधे रखता है। भक्त होने का मतलब प्रशंसक होना नहीं है। भक्त तो सभी कारणों से परे होता है। भक्ति वह है जो आपको उस परमात्मा के पास आसानी से ले जाती है। जिसे पाने के लिए न जाने कितने योगी-यति, ऋषि-मुनि, सिद्ध-साधक, संत-महात्मा वर्षों तक कठिन तपस्या और साधना करते हैं।

महामंडलेश्वर प्रज्ञानानंद गिरी

कैसे बने कुपोषण मुक्त भारत

अनीश कुमार

भारत में भारी गरीबी होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में कैलोरी युक्त भोजन की प्राप्ति नहीं हो पाती है

ग्लोबल न्यूट्रिशन रिपोर्ट 2018 के अनुसार विश्व भर में 15 करोड़ से अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। भारत में 4 करोड़ 66 लाख बच्चे कुपोषण से ग्रस्त हैं, यह संख्या दुनिया भर में सर्वाधिक है। इस मामले में नाइजीरिया और पड़ोसी देश पाकिस्तान 1.39 करोड़ और 1.7 करोड़ के साथ क्रमशः दूसरे एवं तीसरे पायदान पर हैं। भारत की जनसंख्या अधिक होने के कारण यहां कुपोषण का स्तर व्यापक है। कुपोषण का कारण भोज्य पदार्थों की पर्याप्त पहुंच ना हो पाना ही नहीं है, बल्कि सही मायनों में आहार में पोषक तत्वों की कमी होना है। ये पोषक तत्व ही हमारे शरीर में ऊर्जा प्रदान करने का माध्यम हैं। जब आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलते तब व्यक्ति अल्पपोषण से पीड़ित हो जाता है। परिणामस्वरूप व्यक्ति की उम्र के हिसाब से ऊंचाई और वजन कम होने लगता है। और जब इन पोषक तत्वों की शरीर में अधिकता हो जाती है तो अतिपोषण के रूप में व्यक्ति को मोटापा घेरने लगता है, जो कई दूसरी बीमारियों का कारण बनता है।

भारत के बच्चों में सर्वाधिक कुपोषण का कारण लड़कियों की कम उम्र में शादी होना है। देश में आज भी कानून मौजूद होने के बावजूद 47 फीसद लड़कियों की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले हो जाती है। इस कारण नाबालिग लड़कियों की कोख से जन्म लेने वाले अधिकतर बच्चे अविकसित एवं कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा हमारे देश में लड़कियों से होने वाले भेदभाव के चलते उनकी सेहत पर उतना ध्यान नहीं दिया जाता जितना लड़के की सेहत पर दिया जाता है। इस वजह से लड़कियों को पर्याप्त मात्रा में वे सभी पोषक तत्व मिल नहीं पाते जो उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि कर सकें। भारत में आज भी करोड़ों लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने को विवश हैं। जाहिर है कि इस स्थिति में इन लोगों को पर्याप्त मात्रा में कैलोरी युक्त भोजन की प्राप्ति नहीं हो पाती है। वहीं जन्म के समय शिशु के लिए मां का दूध उत्तम एवं अनिवार्य आहार होने के बाद भी देश में केवल 37.1 प्रतिशत नवजात शिशु ही मां का स्तनपान करते हैं। नवजात के लिए पौष्टिक एवं प्रतिरक्षा मूल्य के लिए आवश्यक मां का दूध उन्हें नहीं मिलने से वे कुपोषित हो जाते हैं। इस तरह ज्ञान की कमी के कारण बच्चों का लालन-पालन बेहतर तरीके से नहीं हो पाता है।

कुपोषण से निपटने लिए ढेरों योजनाएं चलाए जाने के बावजूद यदि देश में इतने बच्चे कुपोषित हैं तो इसकी वजह कहीं ना कहीं नीतियों का सही क्रियान्वयन नहीं होना भी है। निःसंदेह देश में कुपोषण को लेकर जागरूकता की कमी है। इस समस्या को दूर करने के लिए कुपोषित बच्चों की पहचान की जानी चाहिए, गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए, उन्हें अच्छी तरह से कुपोषण के प्रति एवं उसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। इसके लिए हमारा मकसद 'पोलियो मुक्त भारत' की भांति 'कुपोषण मुक्त भारत' का होना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

मेलबाक्स

काम आएगा अनुभव

अभी भी कायम हैं उम्मीदें शीर्षक से प्रकाशित शशांक द्विवेदी का लेख उत्साहवर्धक है। उन्होंने एक पाकिस्तानी मंत्री के उस बयान को भी रेखांकित किया जो हमारे चंद्र मिशन की आंशिक नाकामी पर खुश हो रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान एक ऐसा मुल्क है जो ज्ञान-विज्ञान का दुरुपयोग करना जानता है। खुशी का इजहार करने के पूर्व उन्हें दुनिया के चंद्र मिशन के इतिहास पर नजर दौड़ानी चाहिए। रूस ने 1958 से 1976 के बीच करीब 33 मिशन चांद की तरफ रवाना किए, जिनमें 26 अपनी मंजिल नहीं पा सके। इसी तरह 1958 से 1972 तक अमेरिका के 31 मिशनों में से 17 नाकाम रहे हैं। दूसरी बात यह है कि हमारा चंद्रयान-2 मिशन दक्षिणी ध्रुव पर केंद्रित था। जिस दिशा में दुनिया के किसी मुल्क ने प्रयास नहीं किया है। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव दुरूह है। बावजूद इसरो के हमारे वैज्ञानिकों ने इस दिशा में प्रयास किया, जो अपने आप में बेमिसाल है। इसी साल अप्रैल में इजरायल का चंद्र मिशन अधूरा रह गया था। यह गौर करने वाली बात है कि हम इतिहास रचने से मात्र दो कदम पीछे रह गए हैं। हालांकि चंद्रयान-2 अभियान का ऑर्बिटर अभी भी चंद्रमा का सफलतापूर्वक चक्कर काट रहा है। निश्चित रूप से इस मिशन के अनुभव का लाभ हमारे वैज्ञानिकों को मिलेगा। भारत को बदहाली के शिकार मुल्क के बयानों को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहिए।

मुकेश कुमार मनन, कुशीनगर

इसरो के वैज्ञानिकों पर गर्व

चंद्रमा की सतह से मात्र 2.1 किलोमीटर पहले इसरो का लैंडर विक्रम से संपर्क टूटना वस्तुतः दिल तोड़ने वाली घटना है। लेकिन संतोष है कि इसके बावजूद अभियान 95 प्रतिशत सफल रहा है। ऑर्बिटर पूरी तरह काम कर रहा है। इसने आंकड़े भी दिए हैं, जिनका वैज्ञानिक विश्लेषण कर रहे हैं। इसरो एवं उसके वैज्ञानिकों पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कम संसाधनों में बेहतर की कोशिश की।

hemamanojsiddharth@gmail.com

कश्मीर का स्वर्गिक आनंद

बचपन से पढ़ते सुनते आए थे कि दुनिया में कहीं स्वर्ग है तो कश्मीर में है। पर जब किसी पयर्टन स्थल पर जाने के लायक हुए कश्मीर स्वर्ग नहीं रह गया था। अब उम्मीद बनी है कि कश्मीर फिर से स्वर्गिक आनंद देने वाला पर्यटक स्थल बन कर उभरेगा। तसलीमा नसरीन ने ठीक ही लिखा है कि कुछ काम ऐसे होते हैं जिन्हें बस कर देना चाहिए। जैसे सती प्रथा का समापन, विधवा विवाह की शुरुआत और तत्काल तीन तलाक पर प्रतिबंध आदि। लोग यही चाहते हैं कि कश्मीर भारत के सिर का ताज बनकर सुशोभित हो।

डॉ. प्रतिभा अग्रवाल, गुरुग्राम

घोटालों की जांच

दैनिक जागरण के 8 सितंबर के अंक में प्रकाशित संजय गुप्त का लेख, घोटालों की जांच पर राजनीति, पढ़ा। इससे लगता है कि घोटाले केवल संप्रग सरकार के समय में ही हुए, जबकि घोटाले तो पहली लोक सभा के गठन के समय से ही प्रकाश में आने लगे थे। कांग्रेसी सांसद ने ही अपनी सरकार के विरुद्ध मूंदड़ा कांड पर मोर्चा खोला था। अब किसी दल में उस तरह की स्वतंत्रता नहीं है। अब तो मामले को टालने के लिए जांच एक सबसे सरल तरीका है जिसकी कोई समय सीमा नही होती। तब तक पीढ़ियां बदल जाती हैं और स्मृतियां एवं मूल्य भी। चिदंबरम के मामले में तो आने वाला समय ही बताएगा कि इसमें क्या होता है।

शैलेंद्र सक्सेना, नई दिल्ली

भारत से सीखे पाक

भारत के आंतरिक मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की किरकिरी होने का सिलसिला जारी है। कश्मीर पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार को विश्व बिरादरी ने गंभीरता से नहीं लिया। इसका सबसे बड़ा कारण कुशल भारतीय नेतृत्व का होना है। मोदी को संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और रूस द्वारा दिया गया सर्वोच्च सम्मान हमारी संस्कृति, सोच, शांति, प्रगति एवं कुशल नेतृत्व का सम्मान है। भारत की निरंतर बढ़ती अर्थव्यवस्था से पाकिस्तान को सीख लेने की आवश्यकता है। हमारे पड़ोसी मुल्क को युद्ध की रट छोड़कर अपने देश में व्याप्त गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, बेरोजगारी और आतंकवाद से लड़ाई लड़ने की जरूरत है। पाकिस्तान को भारत से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

हितेंद्र डेढ़ा, चिल्ला गांव

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिएः नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।



तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

हठ और होड़

मैया, मैं तौ चंद-खिलौना लैहौं।
जैहौं लोटि धरनि पर अबहीं, तेरी गोद न ऐहौं॥

भक्त सूरदास की ये प्रसिद्ध पंक्तियां जहां एक तरफ कृष्ण के बाल हठ को दर्शाती हैं वहीं दूसरी तरफ इंसान की गगनचुंबी महत्त्वाकांक्षाओं की भी प्रतीक हैं।

इस दोहे में कृष्ण अपनी माता यशोदा से कह रहे हैं कि उनको चांद चाहिए, जिससे वे एक खिलौने की तरह खेल सकें। वे कहते हैं कि वे यशोदा मइया की गोदी में तभी चढ़ेंगे, जब वे दूर गगन में रौशन अपने खिलौने को लेकर पुनः धरती पर लौटेंगे।

कृष्ण विष्णु के अवतार थे। बाल अवस्था होने के बावजूद उनमें यह सामर्थ्य थी कि आसमान में टंके चंद्रमा को धरती पर उतार सकें। सामान्य मनुष्य में ऐसी सामर्थ्य नहीं है, पर गगन में गमन और चांद सितारों को अपनी मुट्ठी में कर लेने की महत्त्वाकांक्षा उसमें लगातार हिलोरें मारती रही है।

वास्तव में हम अपनी हदों में बंधे रहना नहीं चाहते हैं। शायद प्रस्तुत हद के खूंटे से बंधे रहना मानव प्रवृत्ति के विरुद्ध है। हम अपनी परिधि को लांघने के लिए स्वतः आंदोलित रहते हैं। ये सीमाएं व्यक्तिगत, सामाजिक हो सकती हैं या फिर व्यापक संदर्भ में भी हो सकती हैं। चंद खिलौना लेने का मासूम-सा हठ आगे चल कर एक ऐतिहासिक क्रिया भी बन सकता है।

अपोलो के एस्ट्रोनॉट नील आर्मस्ट्रांग जब चंद्रमा पर उतरे थे, तो कहा था कि उनका चांद पर पहला छोटा-सा कदम मानवता के लिए एक लंबी छलांग है। सच में, चांद की तरफ चकोर की तरह सिर्फ देखने और फिर उस तक पहुंचने का सपना केवल मनुष्य की महत्त्वाकांक्षा ही पूरा कर सकती है। हमारी जो कुछ भी भौतिक, मानसिक और आध्यात्मिक उपलब्धि है, वह हमने अपनी प्रस्तुत सीमाओं को पार करके प्राप्त की है।

महत्त्वाकांक्षी होना अच्छी बात है। हर व्यक्ति और समाज को महत्त्वाकांक्षी होना चाहिए। पर महत्त्वाकांक्षा और होड़ में एक बड़ा बुनियादी फर्क है। आम जिंदगी में हम होड़ में लगे रहते हैं। कौन कितना आगे निकल गया और हम उसको कैसे पछाड़ें के खेल में फंस जाते हैं। इस प्रतिस्पर्धा को अंग्रेजी में रैट रेस यानी चूहा दौड़ कहा जाता है। इसमें हमारा कोई अपना निश्चित लक्ष्य नहीं होता है। हम बस इस बात पर केंद्रित रहते हैं कि हमसे आगे वाला आगे क्यों है और हम उसको कैसे पीछे छोड़ें। रैट रेस विवेकहीन होती है, इसलिए अंधी होती है।

अमेरिका ने जब अपोलो यान चांद पर उतारा था, तो वह रूस से होड़ की वजह से छोड़ा था। 1960 के दशक में दोनों देशों में चंद खिलौना पाने की जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा थी। अमेरिका रूस को अंगूठा दिखाना चाहता था। पर कुछ और अपोलो मिशन के बाद इस रैट रेस का कोई मतलब नहीं रह गया था और चंद्रयान जाने बंद हो गए थे।

हां, इससे कुछ वैज्ञानिक फायदे हुए थे, जिनमें सबसे बड़ा सेटेलाइट युग की शुरुआत थी। आज की अति आधुनिक सेटेलाइट आधारित संचार व्यवस्था परोक्ष रूप से अंतरिक्ष कार्यक्रम की देन है। अगर हम चांद पर नहीं जाते, तो मोबाइल पर कैसे बात कर पाते? पर चांद का मुआयना करने के बाद वहां और श्रम करने का प्रयास दोनों- अमेरिका और रूस- ने त्याग दिया था।

अक्सर समाज की आकांक्षा व्यक्ति की महत्त्वाभिलाषा की दास हो जाती है। ग्रीस आज से तेरह सौ साल पहले चौतरफा विकास के पथ पर था। वह एक बड़ा और समृद्ध राष्ट्र ही नहीं था, बल्कि उसमें अरस्तू और प्लेटो जैसे महापंडित भी पुष्पित हो रहे थे। फिर सिकंदर आया और वह दुनिया जीतने की होड़ में लग गया। हाथ में तलवार लिए वह ग्रीस से हिंदुस्तान तक अपना जयघोष करता हुआ चला आया। हजारों लोग उसका शिकार हुए और लाखों घर उजड़ गए। पर सिकंदर के लिए सिर्फ जीत एकमात्र उपलब्धि थी। वह केवल ग्रीस का नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का राजा बनना चाहता था। सेना उसके साथ थी- वह उसको अपना महानायक मानती थी।

सिकंदर हिंदुस्तान तक पहुंच गया। कहीं भी नहीं हारा था, पर हिंदुस्तान में जीत के बाद वह टूट गया। उसके अपनों ने ही विद्रोह कर दिया था और विश्वनायक को उनके आगे घुटने टेकने पड़े थे। सिकंदर लौट गया, पर घर का मुंह नहीं देख पाया था। वह रास्ते में ही मर गया। उसकी मौत के बाद ग्रीस का वैभवशाली साम्राज्य बिखर गया था। विश्वविजयी होने की लालसा में उसने अपने घर को ही जला दिया था। न वह कहीं का रहा था और न ही ग्रीक साम्राज्य किसी काबिल बचा था।

तो क्या महत्त्वाकांक्षा की भी कोई हद होनी चाहिए? क्या व्यक्ति की लालसा देश और काल पर हावी होनी चाहिए? एक तरह से देखें तो नायक, नायक तभी बन पाता है, जब उसे समुदाय की स्वीकृति मिलती है। वह नेतृत्व करने की स्थिति में तब आता है, जब लोग उसके पीछे लामबंद हो जाते हैं। दूसरे शब्दों में, नायक वही बन पाता है, जो हमारे अनकहे भावों को जुबान देता है। हमारे दिल में छिपी बात को पहचान कर उसको प्रकट कर देता है।

हम उसको ऐसा करने पर दाद भी देते हैं, क्योंकि अपनी बात कहने की हमारी खुद की हिम्मत नहीं होती है। उसकी हिम्मत में अपने साहस की अनुभूति कर हम प्रफुल्लित हो जाते हैं। शायद उसके पीछे दुबकने में ही अपना शौर्य समझते हैं। समाज में मातहत की प्रवृत्ति तरह-तरह के नायक बनाती है। ऐसे नायक समाज की महत्त्वाकांक्षा का अपहरण कर लेते हैं।

व्यक्तिनिष्ठ समाज अपने खुद के लिए घातक होता है। इसके विपरीत जन-केंद्रित, संस्था-निष्ठ समाज और देश हमेशा स्वस्थ और विवेकशील रहता है। संस्थाएं समाज की महत्त्वाकांक्षाओं को संगठित बुद्धिमत्ता से तोलती हैं और नायकों की महत्त्वाभिलाषा को खरे खूंटों से बांधती हैं। वे निजी स्वार्थ की सीमाएं निर्धारित करती हैं और देशहित को व्यापक रूप से परिभाषित करती हैं।

संस्थाएं चंद खिलौना लैहौं वाला हठ नहीं करती हैं, बल्कि अपनी धरती से अच्छी फसल उगाने की मशक्कत में हल-बैल लेकर जुटी रहती हैं। वे सिकंदर को टूटने से बचाती हैं। साम्राज्य की महत्त्वाकांक्षा से स्वराज के यथार्थ की ओर उन्मुख करती हैं। प्रतिस्पर्धा से हटा कर श्रेष्ठता की वैजंती प्रदान करती हैं।

भारतीय होने का अर्थ

रमेश दवे

क्या 'भारतीय' मात्र एक शब्द है या विचार? भारतीयता के जितने अर्थ हैं, उतने ही अनर्थ भी हैं। एक है वैचारिक भारतीयता, जो बुद्धिजीवियों द्वारा अपने-अपने ढंग से परिभाषित या व्याख्यायित की जाती है। आज का भारत एक संपूर्ण प्रभुता-संपन्न स्वतंत्र गणराज्य है। यहां तरह-तरह की भारतीयता होना, भारत की बहुधर्मी, बहु-सांस्कृतिक, बहु-क्षेत्रीय, बहुभाषी, बहु-जातीय और बहु-विचारधारागत परंपरा का परिणाम है। संविधान में इंडिया अर्थात भारत कहा गया है। वहां हिंदुस्तान, भारतवर्ष, जंबूद्वीप आदि नामों को संवैधानिक मान्यता शायद नहीं है। पर दूसरी ओर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो 'हिंदुस्तान' और 'हिंदुस्तानी; को तो मानते हैं, लेकिन भारतीय और भारतीयता को एक प्रकार की कथित सांप्रदायिकता मानते हैं। वे तहजीब के गंगा-जमुनीपन को तो मानते हैं, लेकिन सांस्कृतिक एकता को सांप्रदायिक कहते हैं। केवल कुछ भाषायी शब्दों से भारतीयता तय होती है, तो फिर हम भारतीयता के वे सब तत्त्व त्याग दें, जो हमें अपने भारतीय या हिंदुस्तानी होने का बोध कराते हैं। संस्कृति कहें या तहजीब, इसमें हम जीते रहे हैं, आज भी जी रहे हैं। यही हमारी परंपरा, हेरिटेज या रिवायत है। अगर हम सांस्कृतिक या कौमी एकता का विभाजन करेंगे, तो फिर क्या यह कहेंगे कि हम तुलसीदास को सांस्कृतिक भारतीयता से जोड़ सकते हैं, अगर दूसरी ओर से यह कहा जाएगा कि हम तुलसी को नहीं, कबीर को सच्चा भारतीय मानते हैं।

अब प्रश्न यह है कि किसे भारतीय कहा जाए और किसे नहीं? क्या मीर, गालिब, सौदा, मोमिन से लेकर फिराक, बशीर बद्र, निदा फजली अलग किस्म के भारतीय हैं और कबीर, तुलसीदास, प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी, अज्ञेय से लेकर हमारे समकालीन तमाम कवि दूसरी तरह के भारतीय हैं? क्या बड़े गुलाम अली से मोहम्मद रफी तक, मकबूल फिदा हुसेन, सैयद हैदर रजा से लेकर समकालीन चित्रकारों तक या प्रेमचंद से लेकर रेणु और आज के कथाकारों तक और अनेक कला-साहित्य में सृजन करने वाले कलाकारों की भारतीयता का बंटवारा किया जा सकता है? भारत ने तो अपने एक हजार वर्ष से अधिक के इतिहास में उन सबको अपनाया, जो बाहर से आए और बस गए। उनका इतिहास, उनका साहित्य, उनकी कलाएं, उनका स्थापत्य, उनका प्रशासन और काफी हद तक उनकी शिक्षा और तहजीब तक से भारत ने अपने को जितना ग्लोबल, उदार और सर्व-समावेशी बनाया, वैसा तो दुनिया के किसी देश में नहीं हुआ। यहां हिंदू, पारसी, यहूदी, ईसाई, मुसलिम, सिख सभी एक होकर अगर भारतीय कहलाते हैं, तो ऐसा कोई अन्य देश है, जहां इतने सारे धर्मावलंबियों को उस देश की देशीयता दी गई हो?

विचार, विचारधाराएं, आस्था और विश्वास, खाने-पीने का तरीका अलग हो सकता है, मगर अलग-अलग होकर भी एक लगता है, तो यह सिर्फ भारत की परंपरा है। हम चाहे अपने को भारतीय कहें या हिंदुस्तानी, मकसद सिर्फ एक हो कि यह मुल्क एक है और इस मुल्क का हर बाशिंदा यहां का ही है। और जो नागरिक है वह भारतीय भी है। इसलिए भारतीय होने को किसी भी प्रकार की सांप्रदायिकता से जोड़ना संविधान, देश की परंपरा और राष्ट्रीय एकता का अपमान ही कहा जाएगा, क्योंकि भारतीयता एकता का सूचक शब्द है विभाजन का नहीं।

'भारतीयता' को उसके व्यापक दर्शन में देखना होगा। भारतीय एक स्वतंत्र राष्ट्र की नागरिक राष्ट्रीयता है। भारतीयता का पहला सबक शिक्षा से शुरू होना चाहिए। वहां भारतीयता के व्यापक अर्थ से हम छात्र-छात्राओं को जोड़ सकते हैं, ताकि वे भविष्य के ऐसे नागरिक बनें जो एक सर्वधर्म-समावेशी भारतीयता की पहचान हों। अगर संविधान में समानता का प्रावधान है, तो हम संविधान के विरुद्ध जाकर किसी को भी गैर-भारतीय नहीं कह सकते, चाहे उसका धर्म, भाषा या क्षेत्र कोई भी हो। हमें अपना इतिहास और भूगोल, संस्कृति और भाषा पढ़ाने का और कलाओं, साहित्य आदि को देखने का नजरिया बदलना होगा। हमारी शिक्षा ने हमें आज तक गांधी जैसा स्वदेशी नहीं बनाया, जिसका परिणाम हमारे अपने-अपने स्वदेश और स्वदेश के धर्म हो गए। शिक्षा को चेतना की पाठशाला होना चाहिए, न कि संस्कृति के नाम पर कट्टरता की। चेतना से मनुष्य विवेकवान बनता है और उस पर कोई भी विचार या विचारधारा थोपी नहीं जा सकती।

हम आज जिस आधुनिक, उत्तर-आधुनिक समय में रह रहे हैं, उसने हमें उपकरण तो दिए, मगर आचरण नहीं दिए। उसने सारी दुनिया को एक मोबाइल या कंप्यूटर में साकार तो कर दिया, लेकिन हमारे सांस्कृतिक सौंदर्य की छटा कम कर दी। हम सूचना के बंदीगृह में तो कैद हो गए, लेकिन सोचने का मुक्त आकाश गंवा बैठे। हमारे पास अगर बहुत संपन्न संस्कृति, वांग्मय, धर्म-व्यवस्था की नैतिकता और अपनी जातीय-स्मृति रही है, तो उसे हम ओछी राजनीति और संकीर्ण, कुटिल एवं विघटनकारी शक्तियों से बचाएं। हम युद्ध के शस्त्रों की होड़ के बजाय शास्त्रों की दौड़ से ऐसा शास्त्र क्यों न रचें कि हम हजारों साल पुराने वांगमय के सहारे जीने के बजाय अपने समय के साहित्य को भी नया वांगमय बना कर अगली पीढ़ी को सौंप सकें? जब तक हमारा चिंतन नहीं बदलता, हमारी चेतना नहीं बदलती और हमारी चिंताएं मानवीय नहीं होतीं, तब तक हम वैसे भारतीय कैसे हो सकते हैं जैसे दयानंद, विवेकानंद, श्रीअरविंद, रामकृष्ण परमहंस, जे. कृष्णमूर्ति और गांधी आदि थे। हम जितने तुलसी, कबीर के देश हैं उतने ही मीर और गलिब के भी देश हैं, हम जितने एनी बेसेंट, फादर कामिल बुल्के और रस्किन बांड के देश हैं, उतने ही सर सैयद अहमद खां, बादशाह खान, मौलाना आजाद आदि के भी देश हैं। इसलिए भारतीयता न तो किसी व्यक्ति, धर्म, इतिहास या अपनी अपनी मान्यता से तय होती है, न क्षेत्र, जाति और भाषा से। भारतीय होना एक ऐसा मनुष्य होना है, जिसमें महावीर की महानता और बुद्ध की प्रबुद्धता हो और देश का अर्थ यहां का प्रत्येक जन, प्रत्येक व्यक्ति से प्यार करे, उसका सम्मान करे और सब मिल-जुल कर उस भारतीयता को जिए। भारतीयता में जीने का अर्थ है हम अपने लोकाचार, शिष्टाचार, सामासिक-संस्कृति-बोध, रीति-रिवाज, उत्सव-त्योहार, पूर्वजों के सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक योगदान की स्मृति में जीएं तो जरूर, लेकिन अपनी आधुनिकता को संवेदनशील, गतिशील और सर्वधर्म समावेशी बनाएं, वैज्ञानिक सोच से अंधविश्वास, सांप्रदायिकता आदि से मुक्त होकर ऐसे भारतीय दिखें कि सारा विश्व यह कह सके कि यह 'वसुधैव कुटुंबकम; की सभ्यता वाला, सहिष्णु और भावी संभावनाओं का एक ऐसा देश है जिसका हर नागरिक होने पर गर्व करता है।

यह प्रश्न अक्सर उठाया जाता है कि क्या संविधान में निहित धर्म-निरपेक्षता, पंथ-निरपेक्षता महज आदर्श-वाक्य हैं या आचरण और व्यवहार? इन प्रश्नों के उत्तर तो हमारा एक हजार वर्ष का मिला-जुला इतिहास ही दे रहा है। एक भारतीय हिंदू नागरिक जिस प्रकार की मंदिर-श्रद्धा से मंदिर जाता है, वैसी ही श्रद्धा और सम्मानभाव से वह मजारों पर मत्था टेकता है, गुरद्वारों में सिर ढंक कर गुरुग्रंथ साहब को प्रणाम करता है, चर्च में प्रार्थना करता है। ऐसी भारतीयता क्या दुनिया में कहीं मिलेगी?

यह देश तरह-तरह की तहजीबों का संगम है। यहां आदिवासी-सभ्यता का भोलापन है, यहां दलित अब सम्मान के साथ खड़े होकर अपनी अस्मिता रच रहे हैं, यहां की युवा शक्ति सारी दुनिया में भारतीयता को समृद्ध और सम्मानित कर रही है, यहां का किसान तमाम अभावों और प्राकृतिक कोपों के बावजूद पूरे देश का पेट भर रहा है, यहां के मजदूर अपने पसीने की हर बूंद देश पर निछावर कर रहे हैं, यहां हर धर्म अपना धर्माचरण के लिए स्वतंत्र है। यहां स्त्रियां बराबरी का अधिकार पाकर सांसद, विधायक, पार्षद के रूप में अपनी शक्ति दिखा रही हैं। एक स्वच्छ, श्रेष्ठ और सकारात्मक भारतीयता से हम देश को बदल कर अर्थ को अनर्थ से बचा सकते हैं।

संदर्भ

> यह प्रश्न अक्सर उठाया जाता है कि क्या संविधान में निहित धर्म-निरपेक्षता, पंथ-निरपेक्षता महज आदर्श-वाक्य हैं या आचरण और व्यवहार? इन प्रश्नों के उत्तर तो हमारा एक हजार वर्ष का मिला-जुला इतिहास ही दे रहा है।

आधुनिकता बनाम संकीर्णता

वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

कभी-कभी ऐसा लगता है मुझे कि जो थोड़ी-बहुत आधुनिकता आई है अपने इस भारत महान में, वह गलती से आई है। इस हफ्ते अगर यह खयाल मुझे कुछ ज्यादा सता रहा है, तो इसलिए कि एक तरफ तो हम चांद पर जाने के सपने देख रहे हैं और दूसरी तरफ हमारे मंत्रीयों की सोच ऐसी है आज भी जैसे किसी प्राचीन काल में जी रहे हों। जिस दिन चांद पर हम अपने 'विक्रम' को उतारने की तैयारी कर रहे थे, उस दिन मुंबई के एक अखबार में केंद्रीय पशुपालन मंत्री गिरिराज सिंह का बयान पढ़ा, जिसने मुझे हैरान कर दिया।

मंत्रीजी किसी गोशाले में खड़े होकर बात कर रहे थे पत्रकारों से और उनसे शायद किसी ने मॉब लिंचिंग के बारे में सवाल किया होगा। जवाब में उन्होंने कहा कि इस तरह की हिंसा को कम करने का तरीका उनके मंत्रालय ने ढूंढ़ रखा है, जो अगले कुछ सालों में रंग लाने वाला है। उपाय उनके पास यह है कि गायों को 'आर्टिफिशियल इन्सेमिनेशन' द्वारा गर्भवती किया जाए, ताकि बैलों की संख्या कम हो जाए। मंत्रीजी का मानना है कि इस उपाय के बाद गायों को लावारिस नहीं छोड़ा जाएगा, जैसे आज छोड़ा जाता है, इसलिए कि दूध जब तक देती है गाय, तो उसको किसान अपने पास रखते हैं।

आप अगर पूछ रहे हैं कि मॉब लिंचिंग से इस उपाय का क्या वास्ता है, तो यकीन मानिए कि इसी सवाल को मैंने भी बार-बार पूछा मंत्रीजी का बयान पढ़ने के बाद। शायद मंत्रीजी जानते नहीं हैं कि मुसलमानों की लिंचिंग जब भी हुई है, तो वे अपनी ही गायों को ट्रक में लेकर जा रहे थे, लावारिस गायों को नहीं। या फिर तब हुई है जब उनकी गाड़ियों में गोश्त पाया गया और भीड़ को शक रहा कि गाय को काट कर उसका गोश्त लेकर जा रहे हैं।

जब दलित बने हैं इस तरह की हिंसा का शिकार, तो अक्सर इसलिए कि उनको मृत गाय की खाल उतारते पाया गया। जो भी हो, गोरक्षकों ने भय का इतना माहौल बना दिया है उत्तर भारत में कि कई किसानों ने पशुपालन छोड़ दिया है और जिनका धंधा हुआ करता था बूढ़ी गायों को मारना, उन्होंने भी यह यह काम छोड़ दिया है। नतीजा यह कि लावारिस गायों की संख्या तीन-चार गुना बढ़ गई है उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में। झुंडों में घूमने लगे हैं लावारिस पशु और न सिर्फ किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि इंसानों पर भी हमला करना शुरू कर दिया है गायों ने। हाल में एक वृद्ध औरत को जान से मार दिया एक लावारिस गाय ने और इस हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

मैंने कई बार गोरक्षकों की हिंसा की निंदा की है और दोष दिया है हिंदुत्ववादी सोच को, जो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद खूब फैला है देश में। लेकिन पिछले हफ्ते वीर सावरकर पर दो किताबें पढ़ने के बाद मुझे अहसास हुआ कि उनकी सोच तो आज के राजनेताओं से कहीं ज्यादा आधुनिक थी। हिंदुत्व शब्द सावरकर ने दिया है और इस सोच को भी, लेकिन उनके हिंदुत्व में गौमाता की पूजा करने वालों के लिए कोई जगह नहीं थी। उनका कहना था कि गौमाता की पूजा करते-करते भारतवासी खुद गाय की तरह शांत स्वभाव के बन गए हैं। इसलिए भारत का प्रतीक अगर किसी पशु को बनाना ही हो तो नरसिंह होना चाहिए।

सावरकर के हिंदुत्व में जातिवाद के लिए कोई जगह नहीं है और बहुत बड़ी जगह है आधुनिकता के लिए, वैज्ञानिक विचारों के लिए, आधुनिक तकनीकों के लिए। सो, आज जीवित होते सावरकर तो उनको खुशी होती कि भारत चौथा देश है दुनिया में, जो चांद पर जाने का प्रयास करने में लगा हुआ है। साथ में उनको निराशा जरूर होती गौमता की इतनी पूजा देख कर। हिंदुत्व सोच का आधार है भारत के सनातन धर्म में आधुनिक सुधार लाना और उसमें से वहम और जादू-टोना जैसी खराबियों को निकाल फेंकना। जहां तक जातिवाद को समाप्त करने की बात है, सावरकर की सोच के साथ मेल खाती है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच, लेकिन जहां तक आधुनिकता की बात है, दोनों के रास्ते अलग हो जाते हैं। संघ परिवार को वास्तव में इस देश की सेवा करनी है, तो अच्छा होगा अगर मोहन भागवतजी थोड़ा समय निकाल कर सावरकर पर हाल में छपी उन दोनों किताबों को पढ़ें, जो मैंने पिछले हफ्ते पढ़ी हैं।

उनको पढ़ने के बाद शायद आरएसएस भी भारत की सभ्यता में असली आधुनिकता लाने का काम करने लगेगा। इतनी आधुनिक थी सावरकर की सोच कि महात्मा गांधी से मतभेद उनका अक्सर रहता था। उन्होंने गांधीजी का खुल कर विरोध किया, जब उन्होंने कहा था कि बिहार में भूकंप आया है इसलिए कि सवर्ण हिंदू दलितों को अछूत मानते हैं। जब शंकराचार्य ने इसी भूकंप का कारण बताया जाति-व्यवस्था को समाप्त करने की कोशिश, तो इनकी आलोचना भी सावरकर ने खुल कर की थी।

आज के भारत में सावरकर के हिंदुत्व की बहुत जरूरत है। ऐसा हिंदुत्व, जो देशभक्ति पर आधारित हो और आधुनिकता से रौशन हो, ताकि भारत वास्तव में जगद्गुरु बनने का सपना साकार कर सके। चांद तक जाने वाले भारत में कोई जगह नहीं होनी चाहिए ऐसे लोगों की, जो अपना धर्म मानते हैं इंसानों की जान लेना गोरक्षा के बहाने। कांग्रेस पार्टी ने सालों से प्रचार किया है कि सावरकर मुसलमानों के दुश्मन थे। सच यह है कि उनको शिकायत सिर्फ उन मुसलमानों से थी, जो भारत को अपनी पुण्यभूमि नहीं मानते हैं।

> हिंदुत्व शब्द सावरकर ने दिया है और इस सोच को भी, लेकिन उनके हिंदुत्व में गौमाता की पूजा करने वालों के लिए कोई जगह नहीं थी। उनका कहना था कि गौमाता की पूजा करते-करते भारतवासी खुद गाय की तरह शांत स्वभाव के बन गए हैं।

जेल नंबर सात

बाखबर

■ सुधीश पचौरी

एक बड़ा आदमी काली गाड़ी से तिहाड़ जाता हुआ, और उसके प्रति हमदर्दी की एक आंख भी नम नहीं।

नकली त्रासदी की जगह असली कॉमेडी ने ले ली।

एक एंकर न जाने क्यों कह बैठा कि देखो तो कैसा जमाना है कि इतना बड़ा बंदा तिहाड़ जा रहा है और किसी को जरा भी रंज नहीं!

एक एंकर दर्शकों को समझाता रहा कि वे तिहाड़ से बचना चाहते थे और इसके लिए ईडी के आगे सरेंडर करने को तैयार थे, लेकिन सीबीआई अदालत ने चौदह दिन की कस्टडी के लिए सीधे तिहाड़ जेल भेज दिया।

देर तक अपने-अपने रिपोर्टरों से एंकर पूछते रहे कि तिहाड़ जाएंगे तो भी क्या वैसा ही 'वीआइपी ट्रीटमेंट' मिलेगा जैसा कि सीबीआई की कस्टडी में मिल रहा था, यानी एसी, वेस्टर्न टायलेट, पलंग आदि।

ऐसे ही अवसर पर रिपोर्टरों और एंकरों के अंदर की बात कभी-कभी बाहर झांक जाती है।

सभी चैनलों के कैमरे सीबीआई के 'स्पेशल कोर्ट' में देर तक तैनात रहे। फिर कुछ चैनलों के कैमरे तिहाड़ के प्रवेश द्वार के सामने तैनात हो गए थे, ताकि तिहाड़ में उनकी 'एंट्री' को दिखा सकें।

एक एंकर बहस कराए जाता था कि बड़ी आदलत ने भी क्या सर जी को भ्रष्टाचार का 'किंगपिन' कहा कि नहीं? एक बोला, हाइकोर्ट ने तो साफ कहा कि वे 'किंगपिन' (सरगना) हैं, इसलिए 'बेल' नहीं दी। विद्वान लोग अपने-अपने कागज दिखाने लगे कि निचली अदालत ने उसे 'किंगपिन' कहा है, ऊंची अदालत ने नहीं कहा।

अरे भैए! अब इससे क्या फर्क पड़ने वाला है? तिहाड़-दर्शन तो हो ही गए!

एक अंग्रेजी एंकर पूछने लगा कि यह 'कर्मा' है कि 'बदले की कार्रवाई'?

कई चैनलों ने लाइन लगाई कि 'पांच प्रतिशत' का अहंकार, पहुंचा तिहाड़!'

बताइए, भाई जी को क्या पड़ी थी कि एक दिन पहले मुस्कराते हुए पत्रकारों से पंजा दिखा कर कह दिए कि 'पांच प्रतिशत'! क्या नहीं जानते, क्या है 'पांच प्रतिशत'! अब भुगतो बेटा!

सच, ऐसी कच्ची तो किसी की न हुई कि जब-जब मांगी बेल, तब-तब मिली जेल!हाय रे दुर्भाग्य!

एक चैनल ने चुटकी ली कि 'एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट' के सभी आरोपी वीआइपी सुविधा वाली जेल नंबर सात में रखे जाते हैं। इसी में चार्ल्स शोभराज रहा और छोटा राजन रहता है! इसी में 'बेटा जी' भी रहे हैं।

एक चैनल पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार 'निजी कैपेसिटी' में बोलते रहे कि कानून की नजर में जेल 'अपवाद' है और 'बेल' नियम है! इस मामले में यह नियम अपनाया गया नहीं दिखता। इसका अफसोस है। आखिर एक शख्स की 'डिग्निटी' का भी सवाल है। 'टेब्लायड जर्नलिज्म' जिस भाषा का उपयोग करता है, उसमें किसी की भी 'डिग्निटी' नहीं बचती।

कैसे लोग हैं ये कि इधर बंदा जेल को रवाना किया जा रहा है, उधर इनको 'डिग्निटी' की पड़ी है। एक 'भ्रष्ट' की डिग्निटी क्या? जब कह दिया 'किंगपिन' तो 'किंगपिन' को पूजोगे क्या?

एक भक्त एंकर हुलस कर चिल्लाया : यह तो अभी शुरुआत है, आगे आगे देखिए, होता है क्या?

ऐसी ही कॉमिक घड़ी में जो मजा अपने भैया जी के अंग्रेजी चैनल प्राइम टाइम के चिंघाड़-शो को देखने में आता है, वह सारे चैनलों को मिला कर देखने में नहीं आता।

अगर 'जले पर नमक छिड़कने' की कला सीखनी हो तो भैया जी से सीखें। ऐसे मौकों पर वे अपना 'हिसाब' चुकता करने में एकदम नहीं चूकते। 'दुश्मन के दुर्दिन' छाप शो में वे देर तक संजीदा नजर आते रहे, मानो किसी शोकसभा में हों। लेकिन ज्यों ही उनका कंठ फूटा, वे दर्जनों विपक्षी नेताओं को एक के बाद एक सीधे तिहाड़ भेजते नजर आए।

भैया जी दांत पीस-पीस कर एक-एक का नाम लेकर कहते जाते थे : एक दिन तुझे भी जाना है तिहाड़, फिर एक दिन तू भी जाएगा तिहाड़। फिर एक दिन इसे भी जाना है तिहाड़ और उसे भी जाना है तिहाड़! अंततः 'परिवार' को भी एक दिन जाना है तिहाड़!

लेकिन भैया जी को इतने से सब्र कहां, सो लगे हाथ ठोंक लिए लटयन्स छाप मीडिया को भी कि देखा! ऐसा भी एक 'मीडिया' है, जिसने अपने 'आका' को तिहाड़ जाते हुए नहीं दिखाया।

तिहाड़ दर्शन कराते-कराते एक एंकर बोल उठा कि बड़ी ब्रेकिंग न्यूज आ रही है कि 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' को 'विदेशी मुद्रा' के मामले में 'फेमा' के अंतर्गत 'नोटिस' दिया गया है। चैनल की बहस में एक चर्चिका ने इस संस्था पर 'सप्रमाण' आरोप लगाया कि किस तरह यह एमनेस्टी इंटरनेशनल 'इस्लामिस्ट' मुअज्जम बेग और जिहादी जान से हमदर्दी रखती है और 'मानवाधिकारवाद' के नाम पर इस्लामिस्टों के अधिकारों की हिमायत अधिक करती है।

आखिरी खबरों में, अगले चैबीस घंटे में, चंद्रमा पर चंद्रयान की 'साफ्ट लैंड़िग' की खबर छा गई। छा गया! हर चैनल अपना अपना चंद्रमा देखते दिखाने लगा। वैज्ञानिक बताते रहे कि किस तरह आज की रात चंद्रयान की 'साफ्ट लैंडिंग' एक रिकार्डतोड़ सफलता होगी! सफल 'साफ्ट लैंडिंग' के बाद 'स्पेस रिसर्च' के मामले में भारत दुनिया में चौथे नंबर का देश बन जाएगा!

एक चैनल ने लाइन लगाई : यह 'ऐतिहासिक' और 'युगांतकारी' है! पर, ऐसा न हुआ।

> ऐसे मौकों पर वे अपना 'हिसाब' चुकता करने में एकदम नहीं चूकते। 'दुश्मन के दुर्दिन' छाप शो में वे देर तक संजीदा नजर आते रहे, मानो किसी शोकसभा में हों। लेकिन ज्यों ही उनका कंठ फूटा, वे दर्जनों विपक्षी नेताओं को एक के बाद एक सीधे तिहाड़ भेजते नजर आए।